QP CODE: 22102860

22102860

Reg No : .....

Name : .....

UNDER GRADUATE (CBCS) REGULAR EXAMINATIONS, AUGUST 2022

Fourth Semester

Common Course II - HN4CCT01 - HINDI-DRAMA AND LONG POEM

(Common for all Model I B.A/B.Sc Programmes)

For Regular Candidates : 2020 Admission Only

For Private Candidates : 2017 Admission Onwards

48B3B862

Time: 3 Hours Max. Marks : 80

Instructions to Private Candidates Only : *This question paper contains **two** sections.Answer **Section I** questions in the answer book provided. **Section II**, Internal Examination questions must be answered in the question paper itself.Follow the detailed instructions given under **Section II***

Section I

Part A

*Answer any **ten** questions.*

*Each question carries **2** marks.*

1. कोणार्क किसकी रचना है? 'कोणार्क' रचना कितने अंकों में विभक्त हैं?
2. उत्कल नरेश की सभा के राजकवि कौन थे? उनकी सर्वश्रेष्ठ रचना कौन-सी है?
3. 'राजनगरी में महामात्य ही आजकल सर्वेसर्वा हैं' लोग ऐसा क्यों कहते हैं?
4. कोणार्क के प्राँगण में व्याप्त विभीषिका क्या थी?
5. धर्मपद की माता का नाम क्या है? माता ने धर्मपद को कौन-सा उपहार दिया था?
6. विशु ने कोणार्क की मूर्ती पर किन-किन आभूषणों को अंकित किया था?
7. 'नगाड़े की तरह बजते शब्द' किसकी रचना है? रचनाकार के अन्य रचनाओं का नाम लिखिए।
8. पुत्री मेला-हाट जाने पर कौन सी खबरें सुनने की इच्छा रहती है?
9. उमाशंकर चौधरी द्वारा सम्पादित दलित विमर्श की पुस्तकें कौन-कौनसी हैं?
10. किसी भी समय' किसकी रचना है ? लेखक का असली नाम क्या है ?
11. अंतिम पंक्ति' किसकी रचना है ?उनकी कौनसी रचना पाढ्य सामग्री में संग्रहित है ?
12. कभी नहीं हो पाया ऐसा- कैसा? यह किस कविता का भाग है ?

(10×2=20)

Part B

*Answer any **six** questions.*

*Each question carries **5** marks.*

13. 'लेकिन वही फुहारें जब गर्म तवे पर पड़ती हैं, तो उसकी जलन और भी बढ़ जाती है और फुहारें छू-मन्तर हो जाती हैं।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

14. 'पत्थर। यहाँ निकट से देखने पर तो प्रतीत होता है, मानो तुमने किसी जौहरी के गढे अलंकारों को पाषाण बना दिया हो। और दूर से इस विमान और जगमोहन के शिखर हिमाचल की चोटियों की स्पर्धा करते जान पड़ते हैं...।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

15. 'अरे प्रतिमा के गले में यह कैसे पहुंचा? किन्तु-किन्तु यह तो पत्थर पर अंकित है।.... यह कैसी मरीचिका!.... वही, ठीक वैसा ही अंकन, वही बिलकुल वही, कामदेव की आकृति! नाट्याचार्य, यह कैसी पहेली?" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

16. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "शिल्पियों की दुःख-गाथा? प्रतिहारी, इसे धक्का देकर बाहर निकालो। मुफ्तखोर कहीं का।"

17. 'वे आज अकेले नहीं हैं, आज उनके पीछे वह शक्ति है, जिससे धरती थर्रा उठेगी; दीन-निर्धन प्रजा की शक्ति, जो कोणार्क के शिल्पियों और मजदूरों में दुर्दम सेनाओं का बल भर देगी। कोणार्क का मंदिर आज दुर्ग का काम देगा। जाओ, हमें चुनौती स्वीकार है।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

18. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। और उसके हाथ में मत देना मेरा हाथ /जिसके हाथों ने कभी कोई पेड़ नहीं लगाया /फसलें नहीं उगाई जिन हाथों ने

19. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। और उस दिन, उस पल/ शहंशाह को जगाया नहीं गया, क्योंकि/ दुनिया ठीक वैसे ही चलती रही/ हवाएँ ठीक उसी दिशा में बहती रहीं, और/ हम और आप ठीक वैसे ही हर दिन की तरह / सिर्फ बनें रहे तमाशबीन।

20. अग्निशेखर क्यों एक प्रतिबद्ध कवि माना जाता है ?

21. होता था ढाबा थोड़ी देर केलिए उनका घर,खाते-खाते याद करते वे अपना आँगन-सप्रसंग व्याख्या लिखिए?

(6×5=30)

Part C

*Answer any **two** questions.*

*Each question carries **15** marks.*

22. कोणार्क मंदिर की बनावट विशु की विराट कल्पना थी,पर अंत में यह कल्पना कैसे भंग हुई? समर्थन कीजिए।

23. उत्कल नरेश का चरित्र चित्रण कीजिए।

24. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता की अभिव्यंजना शैली सपाट और संप्रेक्षणीय है। इस उक्ति को स्पष्ट कीजिए।

25. श्रम ही जीवन का सौन्दर्य है-ढाबा कविता के संदर्भ में इस कथन का समर्थन कीजिए।

(2×15=30)